क़यामत के दिन एक मोटा विशालकाय व्यक्ति आएगा, परन्तु अल्लाह की नज़र में एक मच्छर के पर के बराबर भी वज़न ना रखेगा।

अबू हुरैरा- रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः क़यामत के दिन एक मोटा विशालकाय व्यक्ति आएगा, परन्तु अल्लाह की नज़र में एक मच्छर के पर के बराबर भी वज़न ना रखेगा।
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

ऐसा व्यक्ति, जो शारीरिक रूप से मज़बूत हो, दुनिया में लोगों को अभिमान दिखाता फिरता हो और उसके हर कर्म एवं कथन से घमंड टपकता हो, वह क़यामत के दिन अल्लाह के निकट मच्छर के पर के बराबर में वज़न नहीं रखेगा और उसका कोई मूल्य एवं सम्मान नहीं होगा।

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/3776